परिषद की बैठक में पक्ष विपक्ष के पार्षदों ने की वार्डो में शुद्ध पानी सप्लाई की मांग

# दूषित पानी सप्लाई को लेकर जमकर हुआ हंगामा






नवभारत न्यूज
**छिंदवाड़ा,13 अप्रैल. आज नगर निगम के सभा कक्ष में परिषद की बैठक बुलाई गई. बैठक में पक्ष और विपक्ष के पार्षदों ने वार्डो में दुषित पानी सप्लाई को लेकर जमकर हंगामा किया वहीं अधिकारियों को आड़े हात लिया.**

पार्षदों का कहना है कि वार्डवासियों ने उन्हें चुना है कि वे उन्हें सुविधांए उपलब्ध कराएगे. उनके लाख शिकायत करने के बाद भी अधिकारी वार्डो में शुद्ध पानी की सप्लाई नही कर रहे है. पार्षद बौटल में पानी लेकर परिषद की बैठक में पहुंचे थे. बता दे कि परिषद की बैठक करीब दो घंटे से अधिक समय तक चली. बैठक में महापौर माननीय विक्रम सिंह अहके, निगम अध्यक्ष धर्मेंद्र सोनू मागो, आयुक्त सी.पी. राय, उपायुक्त कमलेश निर्गुणकर, निगम सचिव मोहन नागदेव सहित सभी सभापति, विभिन्न वार्डों के पार्षद, निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट प्रस्तुत किया गया, जो नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 97 के अंतर्गत आय-व्यय के अनुमान के आधार पर तैयार किया गया है.

बजट में कुल 305 करोड़ 95 लाख 3 हजार 500 रुपये की आय तथा 305 करोड़ 94 लाख 88 हजार 500 रुपये का व्यय निर्धारित किया गया है, जिससे 15 हजार रुपये का लाभ दर्शाया गया है। इसमें राजस्व आय 154.59 करोड़ रुपये, पूंजीगत आय 151.35 करोड़ रुपये तथा राजस्व व पूंजीगत व्यय भी इसी अनुपात में निर्धारित किए गए हैं.

## प्रमुख प्रस्ताव में अमृत योजना का प्रस्ताव

बजट के प्रमुख घटकों में अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत लगभग 180 किलोमीटर जलप्रदाय पाइपलाइन बिछाने एवं 5 नई पानी की टंकियों के निर्माण का प्रस्ताव शामिल है, जिसकी अनुमानित लागत 75 करोड़ रुपये है. इसके अलावा निगम द्वारा दो नई जेसीबी मशीनों की खरीद तथा 2 करोड़ रुपये की लागत से नए फायर स्टेशन के निर्माण का भी प्रावधान किया गया है. दूसरे प्रस्ताव के तहत ट्रांसपोर्ट नगर के निर्माण को स्वीकृति दी गई. मौजा सारसवाड़ा एवं माल्हनवाड़ा में कुल 198550 वर्गमीटर भूमि इस परियोजना हेतु आवंटित की गई है. भूमि के समतलीकरण, सड़क, नाली एवं अधोसंरचना विकास कार्यों के लिए लगभग 4692.49 लाख रुपये की डीपीआर तैयार की गई है. तीसरे प्रस्ताव में चंदनगांव बोदरी पुल के पास स्थित नगर निगम स्वामित्व की भूमि को लीज पर देने का निर्णय लिया गया. चौथे प्रस्ताव में जामुनझिरी क्षेत्र में बस टर्मिनल, कमर्शियल कॉम्प्लेक्स एवं इंटीग्रेटेड टाउनशिप निर्माण हेतु लगभग 11.003 हेक्टेयर (27.18 एकड़) शासकीय भूमि के आवंटन को मंजूरी दी गई.

## कचरा टैक्स कम करने का मुद्दा परिषद में नही आया

बता दे कि पहले एमआईसी की बैठक में कचरा टैक्स 1200 रुपये से घटाकर 600 रुपये करने का प्रस्ताव पास किया गया था, जिससे शहर की 48 वार्डों की जनता को राहत की उम्मीद जगी थी. लेकिन जब यही मुद्दा परिषद की बैठक में आया ही नहीं, तो पार्षदों का गुस्सा फूट पड़ा. तर्क दिया गया कि यह निर्णय शासन स्तर का विषय है, जिस पर परिषद में फैसला नहीं लिया जा सकता. इसी बात को लेकर सवाल उठा कि जब यह पहले से ज्ञात था, तो फिर जनता के बीच राहत का दावा क्यों किया गया? स्थिति तब और दिलचस्प हो गई जब सत्तारूढ़ दल के पार्षद ही अपनी ही व्यवस्था पर सवाल उठाते नजर आए. बैठक में तीखी बहस और आरोप-प्रत्यारोप का दौर चलता रहा. अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि शहरवासियों को बढ़े हुए टैक्स से राहत मिलेगी या नहीं—इस पर स्थिति पूरी तरह स्पष्ट नहीं है.

## 11 के.व्ही. सोनपुर रोड टाउन-4 फीडर से आज बिजली रहेगी बंद

**छिन्दवाड़ा.** म.प्र.पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी छिंदवाड़ा (शहर संभाग) के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि छिंदवाड़ा शहर संभाग के अंतर्गत 33/11 के.व्ही., एल.टी. लाईन एवं विद्युत उपकरणों के मानसून पूर्व रख-रखाव कार्य के कारण 14 अप्रैल 2026 मंगलवार को 11 के.व्ही. सोनपुर रोड टाउन-4 फीडर, फीडर कोड-7088 के अंतर्गत संबंधित सभी क्षेत्रों की विद्युत सप्लाई प्रात: 7 से 11 बजे तक बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि 14 अप्रैल को छिंदवाड़ा शहर संभाग के अंतर्गत आने वाले 11 के.व्ही. सोनपुर रोड टाउन-4 फीडर से पातालेश्वर, बारागधा मरघट, अन्नपूर्णा मंदिर, मोक्षधाम व त्रिलोकी नगर आदि से संबंधित क्षेत्रों की विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी। इस आवश्यक कार्य के दृष्टिगत आवश्यकतानुसार यह समयावधि बढ़ाई या घटाई जा सकती है । बिजली संबंधी शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिये 1912 टोल फ्री नंबर डायल किया जा सकता है।

# हत्या के आरोपी पुत्र को पुलिस ने किया गिरफ्तार

### थाना हर्रई क्षेत्र का मामला, लकड़ी मार कर की थी पिता की हत्या



नवभारत न्यूज
**छिंदवाड़ा,13 अप्रैल. थाना हर्रई क्षेत्र के ग्राम कचनरा में पुत्र ने लकड़ी से मारपीट कर अपने पिता की हत्या कर दिया था और फरार हो गया था. पुलिस ने आरोपी पुत्र को 24 घंटे के भीतर दबोच लिया.पुलिस ने बताया कि 11 अप्रेल को रात 8 बजे सूचना मिली थी कि ग्राम कचनरा में मृतक मनीराम धुर्वे की उसके पुत्र सहेशराम धुर्वे ने हत्या कर दी है.**

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पहुंची तो पुलिस ने पाया कि मनीराम धुर्वे के शव घर के सामने मृत अवस्था में पड़ा है.

मृतक मनीराम धुर्वे का छोटे पुत्र अनिल धुर्वे नें बताया मैं अपने घर मे लेटा था मेरा बड़ा भाई सहेश धुर्वे अपने टपरे से निकलकर आया और पिता मनीराम धुर्वे से अण्डा खरीदने जाने के लिए बाइक मांगने लगा तो पिता मनीराम धुर्वे ने गाडी देने से मना कर दिया फिर बडा भाई सहेश धुर्वे मेरे मंझले भाई सुनील धुर्वे के पास गया और उससे भी देने से मना कर दिया तब बडा भाई सहेश धुर्वे फिर से पिताजी मनीराम धुर्वे के पास जाकर गाली गलौच करने लगा. विवाद की आवाज सुनकर मैं, मेरी पत्नी अंजना धुर्वे और मेरा मंझला भाई सुनील धुर्वे पिताजी के पास जाकर देखे तो मेरे पिताजी उनके मकान के सामने आंगन में औधे पड़े थे बड़ा भाई सहेश धुर्वे लकडी का टिपना हाथ से छोड़कर घर के सामने पहाडी तरफ भाग गया तब मैने और भाई सुनील धुर्वे ने पिताजी को सीधा किया तो देखा की पिता मनीराम धुर्वे की मृत्यु हो चुकी थी उनके शरीर में चेहरे के दाहीने तरफ, दाढी, गर्दन मे चोट और सीना में चोट आकर खून निकला हुआ दिख रहा था. इस पर पुलिस ने आरोपी

मृतक मनीराम धुर्वे के मेरे बड़े भाई सहेश धुर्वे के खिलाफ अप. क्र.70/26 धारा 103(1) बी.एन.एस. का कायम कर सहेशराम धुर्वे को गिरफ्तार कर लिया.

# उपभोक्ता क्यू आर कोड को अपने मोबाइल से स्कैन करके या सीधे लिंक के माध्यम से घर बैठे जान सकते हैं अपनी बुकिंग

नवभारत न्यूज
**छिंदवाड़ा,13 अप्रैल. डिस्ट्रिक्ट नोडल ऑफिसर एचपीसीएल अभिजीत सूर्यवंशी ने जानकारी दी है कि एचपी गैस उपभोक्ताओं को हो रही असुविधा को ध्यान में रखते हुए, उपभोक्ताओं की बुकिंग को निम्नलिखित 3 स्थानीय एजेंसियों में स्थानांतरित किया है।**

जिसमें मधु राधास्वामी गैस एजेंसी, मुल्ला जी पेट्रोल पम्प के बगल में, पुराना आरटीओ रोड, छिंदवाड़ा गैस एजेंसी, आदिल होटल के पीछे, यातायात थाना के पास तथा अतिशय गैस एजेंसी, सुनील बजाज शोरूम के सामने, लालबाग शामिल है।



अब उपभोक्ताओं को जानकारी के लिए कहीं भी भटकने की आवश्यकता नहीं है। उपभोक्ता नीचे दिए गए क्यू आर कोड को अपने मोबाइल से स्कैन करके या सीधे इस https://tinyurl.com/HPGasRefill लिंक के माध्यम से घर बैठे जान सकते हैं कि आपकी बुकिंग किस एजेंसी में ट्रांसफर हुई है और आपको सिलेंडर कहाँ से प्राप्त होगा। इसके लिये अपने मोबाइल का कैमरा या क्यू आर स्कैनर ऐप खोलें और कोड को स्कैन करें।

## गोपनीयता के संबंध में चेतावनी

- कृपया केवल अपना LPG उपभोक्ता नंबर ही दर्ज करें। अपना ओटीपी बैंक विवरण या कोई अन्य संवेदनशील जानकारी साझा न करें। हमारी टीम आपसे कभी भी आपका पासवर्ड या ओटीपी नहीं मांगेगी। बुकिंग की संख्या अधिक होने के कारण कुछ उपभोक्ताओं का ट्रांसफर अभी प्रक्रिया में है, जिसे अगले कुछ दिनों में पूरा कर लिया जाएगा। उन्हें ऐसे संदेश दिखेगा उपभोक्ता संख्या अभी प्रक्रिया में है। बुकिंग संख्या अधिक होने के कारण, कुछ उपभोक्ताओं का ट्रांसफर अभी पाइपलाइन में जिसे जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। कृपया 24 घंटे बाद पुन: प्रयास करें। उपभोक्ता किसी भी एजेंसी पर स्वयं न जाएँ। संबंधित एजेंसी के संचालक आपसे स्वयं फोन पर संपर्क करेंगे और आप घर तक गैस सिलेंडर पहुँचाएंगे।

## ग्राम पंचायत गुमतरा में जल मंदिर प्याऊ की स्थापना की गई

**छिन्दवाड़ा.** विकासखंड बिछुआ की ग्राम पंचायत गुमतरा में शुद्ध शीतल जल मंदीर प्याऊ का शुभारंभ मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन एवं ब्लॉक समन्वयक दीपक गेडाम के निर्देशन में सेकटर क्रमाक-05 खमरा की ग्राम पंचायत गुमतरा में शुद्ध शीतल जल प्याऊ का शुभारंभ किया गया। समाज सेवी लखन कुमार वर्मा के दवारा किया गया शुभारंभ। कार्यक्रम की शुरुआत प्याऊ की पूजा-अर्चना से की गई, इसके बाद विधिवत रूप से शुभारंभ किया गया। जिसमें ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति से तारा धराडे एवं सरिता मेहर, शिव राम चौरसिया, जनपद सदस्य बलबीर डेहरिया, राम कुमार वर्मा, रामपाल मिनोट, सोहन इनवती, सुरेश यादव, मोहन इरपची, नवकुं संस्था से विजय वर्मा, गंगा राम वर्मा एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे। यह पहल भीषण गर्मी में ग्रामीणों को शुद्ध एवं शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के साथ-साथ समाज में सेवा भाव एवं जनजागरूकता को बढ़ावा देने की दिशा में एक प्रयास जन अभियान परिषद द्वारा संचालित किया गया है।

# सरकार ने राष्ट्रव्यापी अभियान के द्वारा उपभोक्ताओं के लिए एलपीजी की उपलब्धता सुनिश्चित की

नवभारत न्यूज
**जबलपुर ,13 अप्रैल. भारत सरकार ने एलपीजी की जमाखोरी और कालाबाज़ारी पर रोक लगाने के लिए अपने सिस्टम को काफ़ी मज़बूत बनाया है। साथ ही, सरकार ने देश भर में वास्तविक उपभोक्ताओं तक बिना किसी रूकावट के स्वच्छ ईंधन पहुंचाने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है।**

एक राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत, अकेले 11 अप्रैल 2026 को 2,700 से ज़्यादा इंस्पेक्शन कर छापे मारे गए। इस तरह की कार्रवाइयों का उद्देश्य अनियमितताओं का पता लगाना, घरेलू एलपीजी के गलत इस्तेमाल को रोकना और वितरण नेटवर्क में पारदर्शिता बढ़ाना है। इस बीच सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) ने भी एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप्स के अचानक इंस्पेक्शन के साथ अपनी निगरानी तेज़ कर दी है। इन कड़े निरीक्षणों के बाद, 219 डिस्ट्रीब्यूटरों पर जुर्माना लगाया गया है, जबकि तय नियमों का उल्लंघन करने वाले 56 डिस्ट्रीब्यूटरों का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है।

इसके साथ ओएमसी ने ज़िम्मेदाराना इस्तेमाल को बढ़ावा देने और लास्ट-माईल पहुँच सुनिश्चित करने और उपभोक्ताओं को जागरुक बनाने के प्रयासों को भी बढ़ाया है। पिछले आठ दिनों में लगभग 3,300 जागरूकता शिविर आयोजित किए गए हैं, जिनमें विशेष रूप से 5 किलोग्राम वाले 'फ्री ट्रेड एलपीजी' (एफटीएल) सिलेंडरों की उपलब्धता और उन्हें अपनाने पर ज़ोर दिया गया है; इन अभियानों के दौरान ऐसे 35,800 से ज़्यादा सिलेंडर बेचे गए। ये सभी प्रयास प्रवासी और वंचित आबादी की ज़रूरतों को पूरा करने औरघरेलू एलपीजी की आपूर्ति पर पड़ने वाले दबाव को भी कम करने में मददगार साबित हो रहे हैं। निगरानी और जागरूकता के ये उपाय भारत की एलपीजी वितरण प्रणाली के मजबूत बनाते हैं। घरेलू आपूर्ति स्थिर बनी हुई है, और किसी भी डिस्ट्रीब्यूटर के पास एलपीजी की कमी (स्टॉक खत्म होने) की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। सिर्फ 11 अप्रैल, 2026 को, पूरे देश में 52.3 लाख से ज़्यादा घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति की गई; यह आँकड़ा दुनिया भर में बदलती परिस्थितियों के बावजूद भी निर्बाध आपूर्ति बनाए रखने की क्षमता को दर्शाता है। सरकार का सक्रिय और शून्य-सहिष्णुता दृष्टिकोण उपभोक्ताओं की सुरक्षा, सिस्टम की अखंडता और ज़रूरी ऊर्जा संसाधनों की एकसमान पहुँच सुनिश्चित करने पर की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

# आपका बेटा, आपका भाई कहने वाले सांसद को बीस दिन बाद आई याद : सोनू मागो

### बस दुर्घटना के घायलों और दिवंगतों के जख्मों को कुरेदने पहुंचेंगे भाजपा के सांसद

नवभारत न्यूज
**छिंदवाड़ा,13 अप्रैल.** मप्र के मुख्यमंत्री मोहन यादव की सभा से लौटते वक्त बस दुर्घटना में 10 लोगों की मौत हो गई थी और कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे. इस दर्दनाक हादसे को 20 दिन से अधिक हो गए अब भाजपा के सांसद को ठीक 20 दिन बाद हादसे में दिवंगतों के परिवारजनों व घायलों की याद आई है। जिस जख्म और दर्द को पीड़ित धीरे-धीरे भूलने का प्रयास कर रहे हैं, उसे कुरेदन के लिए अब वह सांसद पहुंचाने वाला है जो चुनाव से ठीक पहले गली-गली और मोहल्ले में गाल बजाते हुए कह रहे थे आपका बेटा आपका भाई आपके दुख, दर्द में सबसे पहले पहुंचेगा। जनता के सामने झूठ परोसने वाले सांसद दुर्घटना के दिन भी अस्पताल तक नहीं पहुंचे ना ही घायलों से मिलने पहुंचे ना ही दिवंगतों के घर पहुंचे। उक्त उदगार शहर कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेन्द्र सोनू मागो ने जारी बयान के माध्यम से व्यक्त किए।श्री मागो ने कहा कि यह बड़े ही दुभार्ग्य की बात है कि भीषण सड़क दुर्घटना जिस दिन हुई उस दिन और उसके अगले दिन भी सांसद ने घायलों से नहीं मिले, 10 लोगों की जानें चली गई उन दिवंगत परिवार के सदस्यों तक मिलने नहीं पहुंचे, लेकिन अब इन्हें राजनीति सूझ रही, अगर संवेदनाएं व्यक्त करनी थी तो प्रश्न यह उठता है कि 20 दिन तक कहां थे। तमाम तरह के प्रश्न उठाने वाले सांसद आज यह बताएं कि उनकी ही पार्टी के कार्यक्रम से लौटते समय दुर्घटना के शिकार हुए लोगों के बीच वे क्यों नहीं पहुंचे ? अब संवेदना के नाम पर राजनीतिक रोटियां सेंकने के लिए सांसद उन परिवारों के बीच पहुंच रहे जिन्होंने अपने जीवन का सबसे बड़ा दुख और दर्द भाजपा की वजह से मिला है।

## नगर निगम में आयोजित किया गया नारी शक्ति वंदन सम्मेलन

**छिंदवाड़ा,13 अप्रैल.** नगर निगम सभाकक्ष में 'नारी शक्ति वंदन सम्मेलन' का सजीव प्रसारण आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगर निगम आयुक्त रहे उपस्थित, बड़ी संख्या में महिलाओं ने गरिमामयी सहभागिता दर्ज कराई। सजीव प्रसारण के दौरान महिला सभापति, विभिन्न वार्डों की महिला पार्षद, निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।प्रधानमंत्री ने बैसाखी के शुभ अवसर पर और देश के विभिन्न हिस्सों में नव वर्ष समारोह से पूर्व संबोधित करते हुए जलियांवाला बाग हत्याकांड के शहीदों को श्रद्धांजलि भी दी। श्री मोदी ने कहा, भारत 21वीं सदी के सबसे बड़े निर्णयों में से एक लेने जा रहा है, एक ऐसा निर्णय जो नारी शक्ति को समर्पित है। प्रधानमंत्री ने इस क्षण को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि देश की संसद एक नया इतिहास रचने के निकट है जो अतीत के विजन और भविष्य के संकल्पों को पूरा करेगा।

बैठक — प्रकरणों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर नेउपार्जन की सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

# उपार्जन केंद्रों में बारदाने,, पेयजल, छाया की हो पर्याप्त व्यवस्था : श्री नारायन

नवभारत न्यूज
**छिंदवाड़ा,13 अप्रैल. कलेक्टर हरेंद्र नारायन ने सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में समय-सीमा प्रकरणों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक ली। बैठक में कलेक्टर श्री नारायन ने कहा कि जिला स्तरीय उपार्जन समिति द्वारा जिले में गेहूं उपार्जन के लिए 84 केंद्र निर्धारित किए गए हैं।**

किसानों से गेहूं उपार्जन का कार्य 15 अप्रैल 2026 से प्रारंभ किया जाना है। यह कार्य सप्ताह में पांच दिन (सोमवार से शुक्रवार) प्रात: 8 बजे से शाम 8 बजे तक संचालित होगा, जबकि तौल पर्ची शाम 6 बजे तक जारी की जाएगी।

जिन किसानों की तौल अपरिहार्य कारणों से सोमवार से शुक्रवार के बीच नहीं हो पाएगी, उनकी तौल शनिवार को की जाएगी। उपार्जन केन्द्रों में छायादार स्थान में बैठने और पेय जल की समुचित सुविधा उपलब्ध कराई जाए। केंद्र में बारदाने ,तौल कांटे सिलाई मशीन, कंप्यूटर, इंटरनेट, गुणवत्ता परीक्षण उपकरण और उपज की साफ सफाई के लिए पंखा, छनना आदि की व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित कराई जाएं। कृषकों को कोई परेशानी न हो।

उन्होंने बताया है कि रबी विपणन वर्ष 2026-27 में किसानों से 2585 रूपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य एवं राज्य सरकार द्वारा घोषित 40 रूपये प्रति क्विंटल बोनस राशि सहित 2625 रूपये प्रति क्विंटल की दर से गेहूँ का उपार्जन किया जाएगा।

## पटवारियों के कार्यों की प्रति सप्ताह करें समीक्षा

कलेक्टर श्री नारायन ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि जमीनी स्तर तक राजस्व विभाग के कार्यों के संपादन में पटवारियों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। सभी एसडीएम प्रत्येक सप्ताह उनके कार्यों को समीक्षा करें। प्रत्येक पटवारी हल्का की प्रोग्रेस पर निगरानी रखी जाए और विभिन्न प्रचलित कार्य समय सीमा में सम्पादित कराएं।

## मुख्यालय में रहें अधिकारी

कलेक्टर श्री नारायन ने सभी अधिकारियों विशेषकर सभी तहसीलदारों और नायब तहसीलदारों को अपने अपने मुख्यालय पर ही अनिवार्य रूप से निवास करने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में उन्होंने सभी तहसीलदारों से जानकारी भी प्राप्त की और अन्य स्थानों से अप डाउन करने वाले अधिकारियों को सख्त हिदायत देते हुए आगामी तीन दीवानों में अपने मुख्यालय में ही निवास की व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए।


कोयलांचल में कम्प्यूटर प्रशिक्षण के निरंतर 31 वर्ष
इंटरमैटिक्स
कम्प्यूटर सेंटर
31 वां स्थापना दिवस
14 अप्रैल 2026
सन् 1995 माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय का रजिस्टर्ड प्रशिक्षण केन्द्र
-: संचालित पाठ्यक्रम:-
एक वर्षीय- डीसीए, पीजीडीसीए
पता:- तहसील के सामने, परासिया
संपर्क:- 07161-222220, 8223896700




मानवता हॉस्पिटल
समर्पित सेवा भाव
मल्टीस्पेशिलिटी
डॉ. बबीता ठाकुर
एम.बी.बी.एस., एम.एस., प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग से संबंधित सारी सुविधाएं, नॉर्मल एवं सिजेरियन डिलीवरी एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन उचित दामों पर।
डॉ. आशुतोष सिन्हा
एमबीबीएस एफएमजी, एमडी फिजिशियन (कंसल्टेंट फिजिशियन)
उपलब्ध सुविधाएं :- आकस्मिक चिकित्सा, आई.सी.यू., क्रिटिकल केयर ऑपरेशन, लेप्रोस्कॉपी, एक्सरे, पैथोलॉजी लैब, ट्रामा और एक्सीडेंट केयर एवं अन्य सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध।
24/7 EMERGENCY SERVICES
पता:-भुवनेश्वर टॉवर, परासिया नाका, छिंदवाड़ा (म.प्र)
संपर्क करें- 07162-359522, 7974426766

आरोग्य मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
इमरजेंसी सेवा, कार्डियक सेंटर एवं एक्सीडेंटल केयर, लेप्रोस्कोपिक एवं नजरल सर्जरी
आयुष्मान कार्ड के अंतर्गत नि: शुल्क
एन्जियोग्राफी एवं एन्जियोप्लास्टी
हार्ट अटैक व सभी हृदय रोगों के उपचार की सुविधा प्रतिदिन उपलब्ध।
संपर्क करें- 6262640426, 8770507313, 9425845455
पता- पूजा लॉज के आगे परासिया रोड, छिंदवाड़ा (म.प्र.)